**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 11062/2026
URN: CW / 24595U / 2026

Sanwara Gurjar S/o Lalaram Gurjar

----Petitioner

Versus

The State Of Rajasthan

----Respondent

---

For Petitioner(s) : Mr. Dharmendra Sharma
For Respondent(s) :

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**03/07/2026**

याचिकाकार के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया।

याचिकाकार के विद्वान अधिवक्ता का तर्क है कि जिला कलक्टर (रसद), बून्दी द्वारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति के अनुसार याचिकाकार ने ग्राम पंचायत पगारा, तहसील–हिण्डौली, जिला बून्दी में उचित मूल्य की दुकान का प्राधिकार–पत्र जारी किए जाने हेतु नियमानुसार आवेदन किया था। इस हेतु आवंटन सलाहकार समिति की बैठक भी आयोजित हुई थी परन्तु ग्राम पगारा के सम्बन्ध में चयन–प्रकिया यह कहते हुए निरस्त कर दी गई कि आवंटन सलाहकार समिति का कोरम पूरा नहीं था, जबकि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए जारी दिशा–निर्देश दिनांक 17.3.2016, जिसमें उक्त चयन–प्रकिया विहित है, में आवंटन सलाहकार समिति की बैठक में जिला रसद अधिकारी सहित तीन व्यक्तियों का कोरम पूर्ण होना आवश्यक है। उनका तर्क है कि उनकी ओर से उक्त बैठक के जो विवरण *(Minutes)* प्रस्तुत किए गये हैं, के अवलोकन से स्पष्ट है कि इस बैठक में जिला रसद अधिकारी सहित कुल 14 व्यक्ति उपस्थित थे, इसलिए चयन प्रकिया को कोरम के अभाव मे निरस्त किए जाने की कार्यवाही विधिविरूद्ध है। उनका यह भी तर्क है कि ग्राम पंचायत पगारा में उचित मूल्य की दुकान आवंटन के लिए अब पुनः जिला कलक्टर (रसद) बून्दी द्वारा विज्ञप्ति दिनांक

20.5.2026 (परिशिष्ट–6) जारी की गई है। अतः उक्त विज्ञप्ति के सम्बन्ध में अंतरिम स्थगन दिए जाने की प्रार्थना करते है।

सुना गया। याची द्वारा आदेशिका शुल्क प्रस्तुत किए जाने पर अयाचीगण को नोटिस आगामी चार सप्ताह में वापसी योग्य जारी हो।

विद्वान अधिवक्ता याचिकाकार की ओर से प्रस्तुत तर्कों तथा पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री को देखते हुए इस आशय का अंतरिम स्थगन पारित किया जाता है कि जिला कलक्टर (रसद), बून्दी द्वारा पारित विज्ञप्ति दिनांक 20.5.2026 (परिशिष्ट–6) के अनुसरण में **ग्राम पंचायत पगारा, तहसील हिण्डौली, जिला–बून्दी में उचित मूल्य की दुकान हेतु प्राधिकार–पत्र जारी करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की जाये।**

(SHUBHA MEHTA),J

28/JITENDRA SINGH PANWAR